जरा चलकर के खाटू में देखो

जरा चलकर के खाटू में देखो,
श्याम किरपा लुटाते मिलेंगे।

श्याम के द्वार जो आ गया है,
जो भी चाहा वही पा गया है,
रोते रोते जो दर पे है आया,
श्याम उसको हँसाते मिलेंगे,
ज़रा चलकर के खाटू में देखो,
श्याम किरपा लुटाते मिलेंगे।

चल के बाबा को तू आजमा ले,
शर्त चाहे तू मुझसे लगा ले,
अपने भक्तों की राहों से बाबा,
खुद ही कांटे उठाते मिलेंगे,
ज़रा चलकर के खाटू में देखो,
श्याम किरपा लुटाते मिलेंगे।

आज विश्वास बाबा पे करले,
श्याम की बाँह चलके पकड़ ले,
देख लेगा तू खुद अपनी आँखों,
जब गले से लगाते मिलेंगे,
ज़रा चलकर के खाटू में देखो,
श्याम किरपा लुटाते मिलेंगे।
ज़रा चलकर के खाटू में देखो,
श्याम किरपा लुटाते मिलेंगे

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21785/title/jara-chalkar-ke-khatu-me-dekho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |